प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में चार–दिवसीय कार्यक्रम का समापन

पंतनगर। 19 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में 15 अगस्त 2022 से चलने वाले चार–दिवसीय आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन 18 अगस्त 2022 जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर प्रबंधन महाविद्यालय के छात्रों की रंगोली प्रतियोगिता के साथ सम्पन्न किया गया।

इस महोत्सव का प्रारम्भ 15 अगस्त 2022 की प्रातः अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय, डा. आर.एस. जादौन द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया था, जिसमें महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य व स्टाफ उपस्थित थे।

इस महोत्सव का दूसरा दिन 16 अगस्त 2022 को छात्रों के बीच वाद–विवाद प्रतियोगिता के साथ मनाया गया, जिसमें संध्या में छात्रों ने आजादी के 75 वर्ष : 'क्या भारत एक वैश्विक महाशक्ति बनने को तैयार?' पर तर्क–वितर्क करके अपने–अपने विचार प्रकट किये। समारोह के विशिष्ट अतिथि डा. असलम अंसारी ने छात्रों को वार्तालाप व संचार को सही ढंग से करना व उसकी उत्तमता पर मार्गदर्शन किया। प्रबंधन के छात्रों के जीवन में संचार की विशिष्टता तथा आने वाले भविष्य में उनके लिए संचार की अनिवार्यता बताई। समारोह का समापन स्टाफ काउंसलर, डा. निर्देश कुमार सिंह द्वारा प्रबंधन एवं संचार एक ही धागे के दो सिरे पर टिप्पणी के साथ किया गया।

महोत्सव का तीसरा दिन 17 अगस्त 2022 को छात्रों ने शहीदों को याद किया व उनके द्वारा की गई कुर्बानी के बारे में कविताओं से अपनी भावनाएं प्रकट की। छात्रों ने नाट्य क्रिया द्वारा भारत की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले महापुरूषों का व्याख्यान किया। साथ ही नृत्य कला प्रस्तुति द्वारा विभिन्न संस्कृति होते भी भारतीय एकता को दर्शाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. आर.के. श्रीवास्तव, डा. पूनम त्यागी व डा. मीना मृगेश रहीं। डा. आर.के. श्रीवास्तव ने वर्तमान समय में देश को किस तरह युवा शक्ति की आवश्यकता पर चर्चा की। डा. पूनम त्यागी ने पाठ्येत्तर गतिविधियों की आवश्यकता व डा. मीना मृगेश ने युवाओं को अनुशासन में रहने व विश्वविद्यालय को आगे ले जाने पर चर्चा की। कार्यक्रम में डा. निर्देश कुमार सिंह व डा. स्नेहा दोहरे एवं अन्य संकाय सदस्यों ने छात्रों के मनोबल बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का चौथा दिन 18 अगस्त 2022 को छात्रों के बीच में रंगोली प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें कार्यक्रम के निर्णायक दल में डा. छाया शुक्ला, डा. पूनम त्यागी व डा. शैफाली मैसी रहीं। साथ ही अधिष्ठाता, सी.ए.बी.एम. डा. आर.एस. जादौन ने निरंतर छात्रों को उनकी उर्जा व मेहनत के लिए प्रशंसा की तथा उन्होंने स्टाफ काउंसलर डा. निर्देश कुमार सिंह एवं सह स्टाफ काउंसलर डा. स्नेहा दोहरे के निर्देशन में मैनेजमेंट सोसाईटी के छात्रों विकास यादव, गंगा, विनय, अदिति, निकिता, दिक्षिका, संजना, अंबर, कुलदीप, परवेज आदि द्वारा कार्यक्रम के सकुशल प्रबंधन व उच्चकोटि के अनुशासन के लिए बधाई दी। उक्त कार्यक्रमों के लिए कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने महाविद्यालय के प्रयासों की भूरी–भूरी प्रशंसा की एवं शुभकामनाएं दीं।

1 से 3: छात्रों के साथ अधिकारीगण एवं अन्य अतिथि।